डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

प्रतिवेदन – मानवाधिकार और मौलिक कर्त्तव्य दिवस समारोह – 2022

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई के तत्त्वावधान में अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए सम्मान को बढ़ावा देने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति जुटाने एवं जागरूकता पैदा करने के लिए मानवाधिकार और मौलिक कर्त्तव्य दिवस मनाया गया । इस वर्ष मानवाधिकार और मौलिक कर्त्तव्य दिवस के आयोजन का विषय 'गरिमा, स्वंत्रता एवं सभी के लिए न्याय' है । घोषणापत्र और डब्ल्यूएचओ का संविधान दोनों ही इस बात पर ज़ोर देते हैं कि स्वास्थ्य सभी लोगों के लिए एक मौलिक मानव अधिकार है ।

गायत्री महामंत्र के जाप के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । पहले छठी कक्षा के छात्र ने भारतीय संविधान के तहत भारतीय नागरिकों को प्राप्त मौलिक कर्त्तव्यों पर प्रभावशाली भाषण दिया जो ज्ञानवर्धक था । आठवीं कक्षा के विद्‌यार्थियों ने बाल अधिकारों पर सम्मेलन में उल्लिखित बच्चों के महत्त्वपूर्ण अधिकारों पर झाँकी प्रस्तुत की जो सराहनीय थी । तत्पश्चात नवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं ने भारत के संविधान द्‌वारा अपने नागरिकों के लिए निर्धारित छह मौलिक अधिकारों की व्याख्या करते हुए शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत किया । दसवीं कक्षा के विद्‌यार्थियों द्‌वारा 'टॉकथान' शीर्षक पर विभिन्न देशों के विशिष्ट और अद्‌वितीय अधिकारों पर दिलचस्प चर्चा की गई । छात्र–छात्राओं द्‌वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रम प्रशंसनीय एवं आकर्षक रहे । अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति पाठ के साथ समारोह का समापन हुआ ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

मानवाधिकार और मौलिक कर्त्तव्य दिवस समारोह – 2022

भारतीय नागरिकों के मौलिक कर्त्तव्यों पर प्रभावशाली भाषण

बच्चों के महत्त्वपूर्ण अधिकारों पर झाँकी

छह मौलिक अधिकारों की व्याख्या प्रस्तुति